नम आंखों से मां दुर्गा को दी गयी विदाई

सीवान/महाराजगंज। शहर में दुर्गापूजा के बाद गुरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन संपन्न हो गया। श्रीनगर स्थित दाहा नदी तट पर मूर्ति नंबर एक पटवा टोली सहित विभिन्न पूजा समितियों और पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इससे पहले बुधवार को श्री हरि सभा दुर्गा पूजा समिति की ओर से स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन दाहा नदी के पुलवा घाट पर किया गया था। इस दौरान भक्तिमय माहौल में श्रद्धालुओं ने मां को भावभीनी विदाई दी। श्री हरि सभा दुर्गा पूजा समिति में प्रतिमा विसर्जन से पहले बंगाली समुदाय की महिलाओं सहित अन्य सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक सिंदूर खेला की रस्म निभाई। महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। इसके बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर मां को विदाई दी। शंखध्वनि और ढाक की थाप के बीच महिलाओं ने मां की परिक्रमा कर विधि-विधान से खोइंछा भरा। नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए मां दुर्गा को विदाई दी गई। इस दौरान कई महिलाएं भावुक हो गईं और सजल आंखों से मां को विदा किया।



पूजा-विधान के अनुसार बुधवार को मां की विदाई की गई। वर्ष 1934 में समिति की स्थापना के समय से ही यहां पारंपरिक बंगाली रीति-रिवाज के अनुसार सिंदूर खेला का आयोजन होता आ रहा है। विसर्जन कार्यक्रम में समिति की सदस्यों के अलावा पिंकाथन, इनर व्हील क्लब और संगिनी की महिलाएं भी शामिल हुईं। दुर्गा पूजा के समापन पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही शहर में दुर्गा पूजा का उत्सव संपन्न हो गया। महाराजगंज (सीवान)। संवाददाता के अनुसार अनुमंडल मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। दस दिनों तक चले पूजा-अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी और अगले वर्ष फिर जल्द आने का न्योता दिया। विसर्जन जुलूस में जयकारों, बैंड-बाजे और भक्ति गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। शहर के अखाड़ा नंबर एक बड़ी देवी नखास चौक, सिद्धिदात्री माता राजेंद्र चौक, प्रधान अखाड़ा सिहौता बाजार, नवयुवक पूजा समिति पकवा इनार तथा राष्ट्रीय दुर्गा पूजा समिति शहीद स्मारक चौक सहित विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन हाथी-घोड़े और बैंड-बाजे के साथ कलक्टरी पोखरा में किया गया।

विसर्जन जुलूस की शुरुआत नखास चौक स्थित बड़ी देवी की प्रतिमा के साथ हुई। बड़ी देवी की प्रतिमा आगे-आगे चल रही थी, जबकि उसके पीछे विभिन्न पूजा समितियों की प्रतिमाएं कतारबद्ध होकर विसर्जन के लिए आगे बढ़ती रहीं। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। तालाबों और घाटों पर प्रतिमाओं के दर्शन तथा विसर्जन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे वहां मेले जैसा दृश्य देखने को मिला। प्रतिमा विसर्जन के दौरान बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही। शहर के शहरी क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे के बाद बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जो देर रात बहाल हुई।

जूनियर बालिका कबड्डी में सीवान का जलवा, फाइनल में सारण को 17 अंकों से हराकर बनी ईस्ट जोन चैंपियन

सीवान। 52वीं बिहार राज्य जूनियर जोनल बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में सीवान जिला जूनियर बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ईस्ट जोन का खिताब अपने नाम कर लिया। 21 अक्टूबर को वैशाली जिले के हाजीपुर स्थित कुशवाहा आश्रम में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सीवान की टीम ने सारण को 17 अंकों से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। टीम की इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

बिहार राज्य कबड्डी संघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में ईस्ट जोन के अंतर्गत सीवान, सारण, गोपालगंज, वैशाली और मुजफ्फरपुर की टीमें शामिल थीं। नॉकआउट पद्धति पर आधारित प्रतियोगिता में सीवान की बालिका टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में मुजफ्फरपुर को हराया। इसके बाद फाइनल में सारण की टीम को 17 अंकों से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा जमाया।

इस जीत के साथ सीवान की टीम ने आगामी 25, 26 और 27 अक्टूबर को सीतामढ़ी जिले के डुमरा में आयोजित होने वाली बिहार राज्यस्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

जिलाधिकारी ने टीम की इस सफलता को जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस जीत से जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और बालिकाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

बिहार सरकार

समाहरणालय, बक्सर

(जिला भू-अर्जन कार्यालय)

आम सूचना

राष्ट्रीय उच्च पथ सं०-120 (विक्रमगंज-डुमराँव) परियोजना से संबंधित सभी मौजों के हितबद्ध रैयतों से मुआवजा भुगतान संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु पूर्व में निम्नांकित तिथियों में कैम्प का आयोजन किया गया है :-

क्र०	परियोजना का नाम	कैम्प की तिथि	कैम्प की अवधि (दिन में)	कैम्प स्थल	अभ्युक्ति
1.	राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120	25.11.2024 से 27.11.2024 तक	3	प्रखंड कार्यालय, डुमराँव	
2.	राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120	06.03.2024	1	प्रखंड कार्यालय, डुमराँव	
3.	राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 120	02.01.2026 से 03.01.2026 तक	2	प्रखंड कार्यालय, डुमराँव	
			6 दिन		

इस परियोजना के हितबद्ध रैयतों को मुआवजा भुगतान प्राप्त करने हेतु तीसरी एवं अंतिम बार नोटिस भी निर्गत किया गया है, परन्तु अधिकांश हितबद्ध रैयतों द्वारा भुगतान हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जमा नहीं किया गया है।

इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वैसे हितबद्ध रैयत जो अभी तक भुगतान प्राप्ति हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जमा नहीं किये है दिनांक 26.10.2026 तक जिला भू-अर्जन कार्यालय, बक्सर में देना सुनिश्चित किया जाय। इस तिथि के बाद भुगतान संबंधित अभिलेख/राशि माननीय व्यवहार न्यायालय, बक्सर को संदर्भित कर दी जायेगी। इसमें अतिरिक्त सूद की राशि देय नहीं होगी।

समाहर्ता, बक्सर

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No.013924 (Revenue) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

सारण शिक्षक निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने का निर्देश

मतदान दलों की ब्रीफिंग में डीएम और एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश

सीवान। बिहार विधान परिषद के 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए गुरुवार को समाहरणालय स्थित आंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में मतदान दलों की विस्तृत ब्रीफिंग आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजय प्रकाश मीणा और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित ब्रीफिंग में प्रतिनियुक्त सुपर जोनल, जोनल एवं सेक्टर दंडाधिकारियों, पीठासीन पदाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों को उनके दायित्वों और निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश: पालन करते हुए सभी पदाधिकारी पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मतदान निर्धारित समय पर शुरू कराने, मतपत्रों एवं मतपेटिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मतदान केंद्रों पर नियमों का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। निर्धारित परिधि में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए। मतदान दल डिस्पैच सेंटर से रवाना होने से पहले प्राप्त निर्वाचन सामग्री का चेकलिस्ट से मिलान अवश्य कर लें। ऑनलाइन रिपोर्टिंग और सूचनाओं का समय पर अद्यतीकरण भी सुनिश्चित किया जाए। किसी समस्या या अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारियों को देकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पी-1, पी-2 एवं पी-3 मतदान कर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वहन करने, वायलेट रंग के पेन का निर्धारित उपयोग करने, मतदाताओं के पहचान पत्रों का सत्यापन करने तथा मतदान के बाद मतपेटिकाओं को निर्धारित प्रक्रिया के तहत जमा कराने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करें। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी निर्धारित समय पर अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचें और पूरी गंभीरता से दायित्वों का निर्वहन करें।

ब्रीफिंग में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

वैष्णो देवी दर्शन समिति के महाभंडारे में पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया खिचड़ी प्रसाद

सीवान। शहर के सिसवन ढाला स्थित लक्ष्मीपुर हनुमान मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा पंडाल के अवसर पर श्री माता वैष्णो देवी दर्शन समिति, सीवान की ओर से खिचड़ी प्रसाद महाभंडारे का आयोजन किया गया। दशहरा के पावन अवसर पर आयोजित इस महाभंडारे में पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। माता रानी के जयकारों, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना के बीच पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा। महाभंडारे की शुरुआत विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना के साथ हुई। सबसे पहले माता रानी को खिचड़ी का भोग लगाया गया। इसके बाद आरती और भजन-कीर्तन के माध्यम से माता की स्तुति की गई। पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण शुरू हुआ। सुबह से ही प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।



समिति के सदस्यों ने आपसी सहयोग और समर्पण के साथ आयोजन को सफल बनाया। महाभंडारे की खास बात यह रही कि पूजा-अर्चना से लेकर प्रसाद वितरण तक की प्रमुख जिम्मेदारी महिला श्रद्धालुओं ने संभाली। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा की, माता रानी को भोग अर्पित किया और प्रसाद वितरण में सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी सहभागिता ने आयोजन को विशेष पहचान दी और धार्मिक आयोजनों में महिलाओं की भागीदारी तथा सेवा भावना का संदेश दिया। समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह और संरक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि समिति की ओर से पिछले कई वर्षों से दशहरा के अवसर पर महाभंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण के साथ धार्मिक आस्था, सामाजिक सहयोग और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर समिति की सदस्य ज्योति कुमारी, नीलम कुमारी, रागिनी कुमारी, सुनीता देवी, ममता देवी, बबलू सिंह, महाराणा प्रताप सिंह, शंभूनाथ सिंह, प्रेम कुमार सिंह, सचिव अनूप कुमार, डॉ. संदीप यादव, रंजीत कुमार पांडेय, प्रमोद कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

परियोजना निदेशक (असैनिक) का कार्यालय

बुडको, भागलपुर

Email Id-piubhagalpur.buidco@gmail.com

CSC Building, WTP Barari, 812003

अति अल्पकालीन ई० पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

(ई-टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

निविदा संख्या:-24/2025-26

1 विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।
2 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक-22.10.2026
3 परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक-30.10.2026 से दिनांक-02.11.2026 के अपराहन 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
4 प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान : दिनांक-31.10.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन। स्थान- कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।
5 संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक-03.11.2026 के अपराहन 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि : दिनांक-04.11.2026 के पूर्वाहन 11:00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि : तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
8 कार्य का विवरण:-

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing Fee (Through online payment) हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
	नगर निगम, भागलपुर					
1	भागलपुर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं०-36 में किशन नोड से अद्भुत हनुमान मंदिर तक सड़क एवं नाला का निर्माण कार्य।	1,68,45,800.00	3,37,000.00	17,700.00	Eproc2 पर निर्धारित राशि के अनुसार	08 माह

नोट:- Bidders should submit Bid Processing fee through online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

परियोजना निदेशक
बुडको, भागलपुर

PR- 014047 (B & C) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न करायें शिक्षक निर्वाचन : डीएम

गोपालगंज। बिहार विधान परिषद् के 03-सारण शिक्षक निर्वाचन 2026 दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री समीर सौरभ, पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी की संयुक्त अध्यक्षता में ब्रीफिंग आयोजित की गई। इसमें प्रतिनियुक्त सुपर जोनल, जोनल दंडाधिकारियों, पीठासीन पदाधिकारियों, माइक्रो आब्जर्वर तथा संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी दायित्वों एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी, समीर सौरभ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारी पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए। सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाए रखते हुए निर्वाचन कार्यों का सुचारू रूप से संचालन करें।

उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का पूर्णत: पालन किया जाए। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मतदान समय पर प्रारंभ कराने, मतपेटिकाओं एवं मतपत्रों की समुचित सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा मतदान केन्द्रों पर निर्धारित नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने पर विशेष जोर दिया।

उल्लेखनीय है कि गोपालगंज जिले में कुल 1297 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग संबंधित 14 मतदान केंद्रों पर करेंगे। मतदान का समय पूर्वाह्न 8 बजे से अपराह्न 4 बजे तक है।

संयुक्त ब्रीफिंग में उप विकास आयुक्त, श्री गौरव कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. शशि प्रकाश राय, अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज डॉ. प्रेरणा सिंह सहित जिला स्तरीय जोनल दंडाधिकारी एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

न्यायालय में,
श्रीमान मुन्सिफ साहब
गोपालगंज
मोकदमा नं.-191 सन् 2026 हकियत
सुदामा प्रसाद उम्र 72 साल पेसर स्व. खिरोधर गड़री साकिन मौजा बसडीला खास टोला भेड़िहारी थाना वो जिला गोपालगंज वो.........................वादीगण
बनाम
नारायण महतो..................प्रतिवादी
नोटिस बनाम:-
(1) नारायण महतो उम्र 70 साल वल्द स्व. धारी नोनिया साकिन मौजा बसडीला खास टोला भेड़िहारी थाना वो जिला गोपालगंज.............................प्रतिवादी
चूं उपरोक्त वादीगण ने वर्तमान हकियत वाद आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय में दाखिल किया है जिसमें आप बावजूद सम्मन एवं निबंधित कार्ड के हाजिर नहीं हो रहे हैं।
अत: आप बता. 18.11.26 को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मोकदमे में उचित पैरवी वकालतन या असालतन करें अन्यथा आपके गैरहाजिरी में एकपक्षीय कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।
आज बता. 9.10.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी हुआ।
मुन्सिफ
गोपालगंज
9/614/26

न्यायालय में,
श्रीमान् सबजज साहब-XIV
मोकाम वो जिला-गोपालगंज
मोकदमा नं.-58/2026 (हकियत)
मो. मोबीन वोगैरह.............वादीगण
बनाम
शेख नेजामुद्दीन वो...........प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम:-
1) शेख रसुल वल्द-स्व. हेदायत 2) शेख हबीब वल्द-स्व. हैदायत, दोनों साकिन-पिपरा, थाना-मांझागढ़, जिला-गोपालगंज 3) मुन्ना आलम वल्द-स्व. महबूब आलम 4) रबे आलम वल्द-स्व. महबूब आलम 5) मकसूद आलम वल्द-स्व. महबूब आलम 6) मंजर आलम वल्द-स्व. मकबूल अहमद 7) अफजल आलम वल्द-स्व. मकबूल अहमद, सभी साकिन-खेत छपरा, थाना-बड़हरिया, जिला-सिवान........................मुदालह
चूं,उपरोक्त वादी ने आपके खिलाफ उक्त वाद दाखिल किया है, जिसमें आपके ऊपर नोटिस वो रजिस्टर्ड कीर के द्वारा सम्मन की पैरवी करने के बावजूद आप मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं।
अत: वजरिये इस प्रकाशन से आपलोगों को आगाह किया जाता है कि आप दिनांक 28.10.2026 को मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करें अन्यथा आपके खिलाफ एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।
इसे सख्त ताकिद जानें।
जारी दिनांक 15.10.26
श्रीमान् सबजज साहब-XIV
मोकाम वो जिला-गोपालगंज
9/614/26

न्यायालय में,
श्रीमान् सबजज प्रथम
मो.+जिला-गोपालगंज
बंटवारा वाद सं.-189/2025 ई.
किशुन मिश्र वो..............वादीगण
बनाम
प्रभुनाथ मिश्र वो...........प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम:-
1. रामबचन पंडित उम्र 63 वर्ष पिता स्व. भीखारी पंडित 2. भरत पंडित उम्र 60 वर्ष पिता स्व. भीखारी पंडित 3. गणेश पंडित उम्र 59 वर्ष पिता स्व. भीखारी पंडित 4. शिवबचन पंडित उम्र 63 वर्ष पिता स्व. रंगीला पंडित 5. नजमा खातुन उम्र 50 वर्ष पिता स्व. गुल बहार मिश्र 6. रंगीला महतो उम्र 50 वर्ष पिता स्व. रामअशीष महतो 7. छविला महतो उम्र 45 वर्ष पिता स्व. रामअशीष महतो 8. शैल कुमारी उम्र 60 वर्ष पति दीनदयाल साह, सभी साकिन-बंगरा पो. -पहाड़पुर, थाना-बैकुण्ठपुर जिला-गोपालगंज 9. सुगंधी देवी उम्र 47 वर्ष पति विनोद कुमार मिर सा. बंगरा थाना-बैकुण्ठपुर जिला-गोपालगंज 10. शत्रुधन ओझा उम्र 55 वर्ष पिता स्व. नरेन्द्र ओझा 11. लक्षुमन ओझा उम्र 50 वर्ष पिता स्व. नरेन्द्र ओझा 12. व्यास ओझा उम्र 47 वर्ष पिता स्व. नरेन्द्र ओझा 13. दरोगा साह उम्र 65 वर्ष पिता भोला साह 14. सुर्यनाथ साह उम्र 60 वर्ष पिता भोला साह, सभी साकिन-बंगरा पो.-पहाड़पुर थाना- बैकुण्ठपुर जिला-गोपालगंज 15. मुनना पाण्डेय उम्र 60 वर्ष पिता ीरत पाण्डेय 16. बलिराम पाण्डेय उम्र 55 वर्ष पिता भरत पाण्डेय 17. सुमिता देवी उम्र 34 वर्ष पति ीदई रावत 18. आशा देवी उम्र 48 वर्ष पति दिनेश सिंह 19. शंकर रावत उम्र 58 वर्ष पिता स्व. सुखराम रावत 20. प्रभु रावत उम्र 55 वर्ष पिता सुखराम रावत, सभी साकिन-कृतपुरा, थाना-बैकुण्ठपुर, जिला-गोपालगंज.................मुदालहम
चूं उपरोक्त वाद वादी ने मेरे न्यायालय में आपलोगों के विरुद्ध दाखिल किया है, जिसमें न्यायालय द्वारा आपकी उपस्थिति हेतु निर्गत समन वो रजिस्ट्री कीर के बावजूद भी आपलोग जान बुझकर हाजिर नहीं हो रहे हैं।
अत: अंतिम रूप से इस प्रकाशन के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक 06.11.26 ई. को 10.30 बजे दिन में मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना उजुर वो एतराज जो भी हो पेश करें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में उक्त वाद में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी, जिसकी पूर्ण पायबंदी आप पर होगी।
श्रीमान् सबजज
मो.+जिला-गोपालगंज
9/614/26

न्यायालय में,
श्रीमान सब जज-10
मो.+जिला-गोपालगंज
विविध वाद सं.-75/2025
मु. शांति देवी................आवेदकगण
बनाम
श्रीराम प्रसाद वो..............विपक्षीगण
नोटिस बनाम:-
1. श्रीराम प्रसाद वल्द स्व. शिवबचन भगत 2. प्रेमशंकर प्रसाद 3. रविशंकर प्रसाद 4. सीमा देवी जौजे अनिल प्रसाद 2 ता. 4 सभी पेसरान वो दोख्तर स्व. शिवशंकर प्रसाद 5. राजू प्रसाद 6. राजेश प्रसाद 5 वो 6 पेसर स्व. श्रीनिवास प्रसाद 7. मु. प्रभावती कुंवर जौजे स्व. श्रीनिवास प्रसाद 8. पानकली कुंवर जौजे स्व. विक्रमा प्रसाद 9. सुमित प्रसाद 10. शोभा देवी जौजे संतोष प्रसाद 11. नैनपति देवी जौजे जगदीश प्रसाद 9 ता 11 पेसर वो दोख्तर स्व. विक्रमा प्रसाद 12. गायत्री देवी जौजे स्व. शिवशंकर प्रसाद 13. अनिल प्रसाद 14. अशोक प्रसाद 15. मिथलेश प्रसाद 16. कमलेश प्रसाद 13 ता 16 पेसरान स्व. बृजनाथ प्रसाद 17. अतुल प्रसाद वल्द अशोक प्रसाद 18. अंजू देवी जौजे कृष्णकांत प्रसाद 19. चन्दा देवी जौजे कमलेश प्रसाद सभी साकिनान+पोस्ट-सिसवा, थाना-विशम्भरपुर, जिला-गोपालगंज 20. अजय प्रसाद वल्द स्व. सामा प्रसाद, साकिन-मौजा मठिया हाता, पो.-मतेया खास, थाना-कुचायकोट, जिला-गोपालगंज..........................विपक्षीगण
चूं वजरिये सम्मन एवं रजिस्ट्री कभर तामिला के बावजूद आप न्यायलय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं।
अत: इस प्रकाशन के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि आप दि. 3.11.26 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से वाद में उचित पैरवी करें अन्यथा आपके विरुद्ध आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।
आज तारीख 30.9.26
सब जज-10
मो.+जिला-गोपालगंज
रसीद सं.-921

न्यायालय में
श्रीमान् सब जज प्रथम
डिवीजन हथुआ, जिला-गोपालगंज।
मोकदमा सं.-168/18
योगेन्द्र सिंह.......................मुदई
बनाम
पूजा देवी वो................मुदालहम
नोटिस बनाम :1. पूजा देवी पति अनिल सिंह उर्फ अमोद सिंह साकिन-मनबोध परसौनी .... मुदा. फरीक-1
2. संजय सिंह वल्द ललन सिंह उम्र 30 वर्ष 3. प्रभु सिंह वल्द ललन सिंह उम्र 28 वर्ष 4. रामप्रवेश सिंह वल्द ललन सिंह उम्र 25 वर्ष तीनों सा.-रामपुर बंगरा थाना-तरेया सुजान, जिला-कुशीनगर उ. प्र. .... मुदा. फरीक-2
चूं बजरिये प्रकाशन नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मुदई ने मेरे न्यायालय में उक्त हकियत वाद दाखिल किया है। जिसमें आपलोगों की उपस्थिति हेतु न्यायालय के नजारत से समन वो भारतीय डाक से रजि. नोटिस पूर्व में भेजा जा चुका है। बावजूद इसके आप उक्त मोकदमा में हाजिर नहीं हो रहे हैं।
अत: एतद् द्वारा आपको आगाह किया जाता है कि आपलोग स्वयं या अपने अधिवक्ता के मार्फत उक्त मोकदमा में दिनांक 19.11.26 को मेरे न्यायालय में हाजिर होकर अपना उचित पैरवी करें अन्यथा आपके खिलाफ एकपक्षीय सुनवाई जायेगी। आज तारीख माह सन् 2026 को यह नोटिस मेरे दस्तखत वो अदालत के मोहर के साथ जारी की गयी है। इसे सख्त ताकिद समझें।
आदेशानुसार
श्रीमान् सब जज प्रथम
डिवीजन हथुआ, जिला- गोपालगंज।
9/614/26

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गोपालगंज

निविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-19/OT/BCD/GOPALGANJ/2026-27

1 विज्ञापनदाता का पदनाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गोपालगंज।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :- 30.10.2026 को अपराहन 01:00 बजे तक।
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 31.10.2026 को अपराहन 03:00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 31.10.2026 को अपराहन 03:30 बजे तक।
5 परिमाण विपत्र की बिक्री एवं निविदा प्राप्ति का स्थान :- 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, छपरा। 2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, गोपालगंज 3. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल गोपालगंज/मीरगंज।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान :- क्रमांक 05 के अनुसार।
7. निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने अथवा किसी कार्य को एक से अधिक निविदादाताओं में बाँटने का अधिकार या किसी ग्रुप की निविदा रद्द करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित होगा।
8. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।

कार्य की विवरणी :-

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Renovation of DDC Steno Chamber at collectriate Building Gopalganj, FY 2026-27	135800	2400	500	15 दिन
2	APP (Atactic Polypropylene Polymer) work on Terrace of DCLR Office Building, Gopalganj, FY 2026-27	293400	5900	750	07 दिन
3	Installation of Tiles in Kitchen Ward in Campus of Dist. Jail Chanawe Gopalganj FY 2026-27	135000	2700	500	15 दिन
4	Roof Treatment of Kitchen Ward in Campus of Dist. Jail Chanawe Gopalganj FY 2026-27	225000	4500	500	15 दिन
5	Installation of Submersible Pump (02 Units) in Campus of Dist. Jail Chanawe & other Administrative Building, Gopalganj FY 2026-27	304000	6100	750	07 दिन
6	Internal Repair/Painting of A-Type Quarter (A-10) at Block Colony Gopalganj FY 2026-27	86200	1800	500	15 दिन
7	Internal Repair/Painting of B-Type Quarter (B-15) at Block Colony Gopalganj FY 2026-27	85200	1800	500	15 दिन
8	Repair and Painting of Boundary Wall of Old Campus Civil Court Gopalganj, FY 2026-27	176800	3600	500	15 दिन
9	Renovation of Septic Tank Soak Pit in Old Campus Civil Court Gopalganj, FY 2026-27	84800	1700	500	15 दिन
10	Concertina Work at Boundary Wall of 520 Bedded +2 High School Bankatiya, Block Panchdeori, Gopalganj FY 2026-27	476900	9600	750	30 दिन

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, गोपालगंज

PR- 014045 (BCD) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

एसपी ने लकड़ी नबीगंज थाने का किया औचक निरीक्षण

लकड़ी नबीगंज (सीवान)। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और पुलिस की कार्यप्रणाली की समीक्षा के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने लकड़ी नबीगंज थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, मालखाना, हाजत और विभिन्न अभिलेखों का जायजा लिया। साथ ही लंबित कांडों की समीक्षा कर संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने अभिलेखों के रखरखाव और पुलिस कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी आवश्यक दस्तावेजों को अद्यतन रखने तथा थाना के कार्यों को व्यवस्थित एवं जवाबदेह तरीके से संचालित करने पर जोर दिया।

बिहार सरकार

परियोजना निदेशक (असैनिक) का कार्यालय

बुडको, भागलपुर

Email Id-piubhagalpur.buidco@gmail.com, CSC Building, WTP Barari, 812003

अति अल्पकालीन ई० पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

निविदा संख्या:-25/2025-26

1 विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।
2 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक-22.10.2026
3 प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान : दिनांक-31.10.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन। स्थान- कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर।
4 परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक-30.10.2026 से दिनांक-02.11.2026 के अपराहन 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
5 संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक-03.11.2026 के अपराहन 05:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि : दिनांक-04.11.2026 के पूर्वाहन् 11:00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि : तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
8 कार्य का विवरण:-

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (Online के माध्यम से) Website: www.eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing Fee (Through online payment) हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
	नगर निगम, भागलपुर					
1	भागलपुर नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत कटहलबाड़ी वार्ड नं०-24 में संजय यादव के घर से सी०आई०डी० ऑफिस होते हुए अनिल तिवारी के घर तक नाला का निर्माण कार्य।	54,22,600.00	1,08,500.00	11,800.00	Eproc2 पर निर्धारित राशि के अनुसार	03 माह

नोट:- Bidders should submit Bid Processing fee through online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

परियोजना निदेशक,
बुडको, भागलपुर

PR. No. 014050 (B&C) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।